## एक नजर में

### राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता इटारसी में कन्या शिक्षा परिसर की बेटियों ने लहराया परचम

**बालाघाट।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की 04 बालिकाए प्राची टेकाम, प्रतीक्षा धुर्वे, वसुंधरा धुर्वे और स्वाति वायाम का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। संस्था में कार्यरत पीटीआई कमल किशोर तेलासे ने बताया कि अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार विभागीय राज्य स्तरी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शहडोल में किया गया जिसमें जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत आने वाले 22 जिलों के बच्चे सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की 08 बालिकाए सम्मिलित थी। जिसमें से 04 बालिकाओं का चयन स्कूल राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता इटारसी के लिए किया गया था। चयनित चारों बच्चे ने राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता इटारसी में अपने उत्कृष्ट खेल से सबका मन मोह लिया और टीम फाइनल में इंदौर को हराकर विजेता बनी। इस प्रतियोगिता में प्राची टेकाम ने 09 गोल किए और प्रतीक्षा धुर्वे ने 05 गोल किए। डिफेंडर के रूप में वसुंधरा और स्वाति ने भी अपना अच्छा प्रदर्शन किया।

### दो बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**बालाघाट।** बालाघाट में दो बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। घटना शनिवार सुबह 11 बजे हुई है। मृतक 23 साल का राहुल ठवकर है। जब राहुल अपने दोस्त लक्की लिल्हारे के साथ बालाघाट से लगे बगदर्रा गांव में अपनी मौसी से मिलने जा रहा था। गर्रा में उनकी बाइक की भिड़ंत विकास गेडाम (28) की बाइक से हो गई। राहुल ठवकर सूरत में एक मॉल में मेंटेनेंस का काम करता था और नवरात्रि में ही अपने घर भौरगढ़ लौटा था। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया था। वहां से उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया था।

---

**सांठगांठ** | 10 करोड़ रुपये का 129 लाट चावल बाकी

# धान, चावल की मात्रा का सत्यापन नहीं

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट म.प्र समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान से कस्टम मिलिग कर चावल प्रदाय करने की आड़ में बालाघाट जिले के कतिपय राइस मिलर्स द्वारा उनके द्वारा उठाई गई धान को खुले बाजार में बेच दिया लेकिन प्राप्त की गई धान के अनुपात में जितना चावल नागरिक आपूर्ति निगम को प्रदाय किया जाना था वह आज तक जमा नही किया गया।




इस कारगुजारी के चलते लगभग 10 करोड़ रुपये मूल्य का 129 लाट चावल जमा होना है।

आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम और राइस मिलर्स के किये गये अनुबंध पत्र की शर्तों में यह उल्लेख किया गया है की मिलर्स द्वारा उठाई गई धान की मात्रा एवं मिलिंग कर बनाये गये चावल की मात्रा का सत्यापन किया जायेगा लेकिन मिलर्स और अधिकारियों की सांठगांठ के चलते किसी भी अधिकारी ने धान चावल की मात्रा का सत्यापन नहीं किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 अगस्त 2025 तक सभी राइस मिलों में भंडारित स्टाक का सत्यापन करने के निर्देश केन्द्र शासन से प्राप्त हुये थे।

यह भी निर्देश जारी हुये थे की जिन राइस मिलर्स को धान प्रदाय की गई है उनसे अक्टूबर 2025 तक 50 प्रतिशत भारतीय खादय निगम और 50 प्रतिशत नागरिक आपूर्ति निगम को चावल की मात्रा जमा कराना अनिवार्य है।

30 अगस्त 2025 की अवधि तक सत्यापन किये जाने के निर्देश के अनुसार उन राइस मिलों में धान एवं चावल का स्टॉक नहीं रहने के बावजूद स्टाक होना बता दिया गया जबकि आज दिनांक उन राइस मिलों द्वारा चावल जमा नहीं कराया गया।

जिन राइस मिलर्स द्वारा चावल जमा नहीं कराया गया उनमें कमला देवी राइस मिल गर्रा 29 लाट, भारत इंडस्ट्रीज टेमा, बहेला 17 लाट, माँ पूर्णा राइस मिल चिचोली 17 लाट, मातारानी राइस मिल खैरलांजी 16 लाट, फरहान राइस मिल टेमा 14 लाट, दीनदयाल देशमुख कटंगी 13 लाट, जयगौरी राइस मिल भंडारबोडी 8 लाट, जय झूलेलाल इंडस्ट्रीज, 7 लाट इस प्रकार 129 लाट जमा होना शेष है।

अप्रैल 2025 के बाद से नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक का पद रिक्त है जिसका प्रभार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जो की प्रभारी जिला खादय अधिकारी को बनाया गया है इस संबंध में उनसे फोन किये जाने पर संपर्क नहीं हो पाया।

---

# कफ सिरप की जांच के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और एएनएम द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा सर्वे

**नवभारत, बालाघाट।** छिंदवाड़ा एवं बैतूल जिले में कफ सिरप के उपयोग से बच्चों की मौत होने पर बालाघाट जिले में सतर्कता और सावधानी बरती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल स्टोर्स एवं दवा विक्रेता प्रतिष्ठानों की जांच कर श्रीसन कंपनी के कफ सिरप एवं दवाओं को सीज कर दिया गया है । इसके पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से घर-घर जाकर छोटे बच्चों वाले परिवारों का सर्वे अभियान प्रारंभ किया गया है और इस अभियान में बच्चों के परिजनों से कफ सिरप के उपयोग की जानकारी एकत्र की जा रही है। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास जबलपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के प्रतिपालन में बालाघाट जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा



कार्यकर्ता एवं एएनएम द्वारा घर-घर जाकर कफ सिरप के उपयोग की जानकारी एकत्र की जा रही है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने जिले के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस सर्वे अभियान में घर घर जाकर 0 से 05 वर्ष तक के बच्चे वाले घरों में जाकर बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सिरप पिलाया गया है या नहीं इसकी जानकारी करें और कफ सिरप लेने वाले बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लें। सर्वे के दौरान बच्चों को दिए गए कफ सिरप की बाटल भी देखने कहा गया है। सर्वे कार्य पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए गए हैं।

---

# लिंगा हादसा पर मधु भगत बोले पीड़ित परिवार को पूरा न्याय मिलेगा

**नवभारत, परसवाड़ा।** लिंगा गांव के पास झूलते 11 केवी तार की चपेट में आने से सरेखा (कुमादेही) निवासी मनोज पटले (30) की मौत के बाद अब प्रशासन हरकत में आ गया है। मंगलवार शाम हुए हादसे के बाद ग्रामीणों ने उग्र प्रदर्शन किया, जिसके बाद देर रात हुई वार्ता में प्रशासन ने सभी मांगें मान लीं।

घटना पर विधायक मधु भगत ने कहा — यह घटना बेहद दुखद है और यह बिजली विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम है। हमने प्रशासन से चर्चा कर मृतक परिवार को 10 लाख रुपये की सहायता और पत्नी को रोजगार देने का निर्णय कराया है। दोषियों पर कार्रवाई निश्चित रूप से होगी।

उन्होंने बताया कि 10 लाख रुपये की सहायता राशि विभिन्न स्रोतों से दी जा रही है — 4 लाख प्रशासन, 2 लाख



मुख्यमंत्री राहत कोष, 2 लाख विधायक स्वेच्छानुदान, और 2 लाख एमपीबी द्वारा।

बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता ने बताया कि लापरवाह जेई और डीई के निलंबन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। साथ ही डीई लक्ष्मण वल्के को क्षेत्र के सभी झूलते तारों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्रामीणों ने विधायक और प्रशासन की तत्परता की सराहना की। क्षेत्र में अब बिजली व्यवस्था सुधारने की कार्रवाई तेज़ी से जारी है।

---

# मोहगांव के ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, परसवाड़ा।** परसवाड़ा विकासखंड के ग्राम मोहगांव के ग्रामीणों ने सोमवार को बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर गांव की दो गंभीर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।



ग्रामीणों ने बताया कि महावीर स्वामी की भूमि, जो ग्राम मोहगांव में स्थित है, लंबे समय से विवादग्रस्त रही है। इस भूमि को लेकर न्यायालय द्वारा निर्णय दिया जा चुका है, लेकिन अब तक न तो भूमि का सीमांकन किया गया है और न ही प्रबंधन समिति को कब्जा सौंपा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में तहसीलदार परसवाड़ा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था, किंतु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। भूमि वर्तमान में खाली पड़ी हुई है, जहां न तो कोई खेती की जा रही है और न ही कोई उपयोग हो रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि न्यायालय के आदेश के अनुसार भूमि का सीमांकन कर प्रबंधन समिति को कब्जा दिलाया जाए। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि यह कार्य अधिकारी एवं पुलिस बल की मौजूदगी में कराया जाए ताकि किसी प्रकार की अड़चन न हो।

इसके साथ ही ग्रामीणों ने एक अन्य समस्या की ओर भी ध्यान आकर्षित किया कि पटवारी हल्का क्रमांक 5 के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहगांव का राजस्व नक्शा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण पिछले कई वर्षों से सीमांकन एवं भूमि बंटवारे के कार्य लंबित हैं। नक्शा न होने से भूमि विवादों के निपटारे में कठिनाई आ रही है और ग्रामीण परेशान हैं।

ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद एसडीएम अर्पित गुप्ता ने उन्हें आश्वस्त किया कि दोनों मामलों में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ की जाएगी और ग्रामीणों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में विधायक प्रतिनिधि सुधीर पटले, राजेन्द्र कुमार पटले, रमेश वरकड़े, विवेक पटले, होमचन्द्र परते, खेमसिंह मेरावी, हेमराज ठाकरे, प्रवीण उइके, दीपक घटते, गोकूल मरकाम, सूरेन्द पन्द्रे, ओमकार पन्द्रे, देवीलाल मर्सकोले, भोलूराम मरकाम ल

सहित ग्राम विकास समिति के सदस्य एवं अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---



# वन क्षेत्र से अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करते ट्रैक्टर ट्राली जप्त

**नवभारत, बैंहर ।** उपवन मंडल अधिकारी बैहर (सामान्य )के निर्देशन में एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व बैहर (सामान्य) के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र सहायक वृत्त मोहगांव के अमले द्वारा वन गश्ती के दौरान दोपहर 12ः00 बजे मोहगांव बीट के कक्ष क्रमांक 1630 में आरोपी भूपेंद्र धुर्वे ग्राम नेवर गांव द्वारा ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 50 एए6134 द्वारा वन क्षेत्र से रेत अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन करने का प्रयास किया जा रहा था इस दौरान वन अमले द्वारा मौके पर ट्रैक्टर रोक कर रेत से संबंधित पूछताछ की गई आरोपी के पास किसी प्रकार के वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। ट्रैक्टर ट्राली में लगभग 02 घन मीटर रेत भरी हुई थी जिसे ट्रैक्टर ट्रॉली सहित जप्त कर वन अपराध क्रमांक 2680 / 53 दिनांक 10.10.2025 को पंजीबद्ध कर वाहन को वन चौकी परिसर मोहगांव में लाकर रखा गया । उक्त कार्यवाही में आशीष नागेश्वर परिक्षेत्र सहायक मोहगांव, राजेंद्र दुबे वनरक्षक ,संदीप ओझा वनरक्षक, रवि मरावी वनरक्षक एवं सभी सुरक्षा श्रमिक मोहगांव वृत्त, सम्मिलित रहे।

---

# उपसंचालक ने बेनेगांव एवं लवेरी में प्राकृतिक खेती का किया निरीक्षण

**नवभारत, किरनापुर ।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा किसानों को रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का उपयोग न कर प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए क्लस्टर ग्रामों में कृषि सखियों का चयन कर उनके माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी परिप्रेक्ष्य में उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने 11 अक्टूबर को किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बेनेगांव एवं लवेरी में कृषि सखियों एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी के साथ खेतों का भ्रमण कर प्राकृतिक खेती का



निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम लवेरी में अनिता सुलाखे, तिलकचंद ढोमने एवं ग्राम बेनेगांव में परसराम सिहोरे, रामप्रसाद ढेकवार के खेत में लगी फसलों का निरीक्षण किया गया। इन किसानों द्वारा अपने खेत में केवल जैविक व प्राकृतिक खाद एवं कीटनाशकों का उपयोग कर धान की फसल लगायी गई है। इन किसानों को कृषि सखियों द्वारा तैयार किये गए जैविक उत्पाद प्रदाय किये गए है।

---

# ग्राम पंचायत की बैठक में जनहितैसी कार्य स्वीकृत

**नवभारत, लालबर्रा।** मुख्यालय की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पांडरवानी लालबर्रा की आज शनिवार को लालबर्रा ग्राम पंचायत कार्यालय के सभाहाल मे सरपंच अनीस खान की अध्यक्षता मे बैठक सम्पन्न हुई जिसमे विभिन्न मुद्दों, सुझाव सहित जनहितैसी कार्यों पर चर्चा व स्वीकृति पारित हुई। जिसमे आगामी दीपावली व मण्डड़ी मेला पर्व मे विशेष साफ सफाई अभियान, नवीन निर्माण कार्यों को अतिशीघ्र प्रारम्भ करने, शापिंग कम्पलेक्स से संबंधित, आगामी 14 तारीख को लालबर्रा नगर मुख्यालय मे सांसद खेल महोत्सव के आयोजन मे पंचायत की सहभागिता, सहित विभिन्न विषयो पर चर्चा हुई इस अवसर



पर सरपंच अनीस खान, सचिव रणविजय सिंह, सहायक सचिव कृष्णा पंचेश्वर, पंचगण आबिद कुरैशी, सावन पंचेश्वर, आम्रपाली रंगारे, विनोद पचेश्वर, कृष्ण कुमार यादव, हेमलता मात्रे, मिथुन बोरकर, सरिता नागेश्वर, रितेश्वरी भोंगाड़े, सविता साहू, सुधीर जैन, मुकेश पटले, शिला धुर्वे, अप्पू भूपेंद्र कुमहरे, क़ाफ़िया रंगरेज़, शाकिर खान, गीता घाटे, अमरीन खान, तस्मीन फिरदोस सहित स्टॉफ उपस्थित थे।

---

# होटल संचालक पर गोलियां चलाने वाला महाराष्ट्र में पकड़ाया

जबलपुर। मदनमहल थाना अंतर्गत बस स्टैंड चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित होटल में फिल्मी स्टाइल में मंगलवार शाम घुसकर होटल संचालक पर रिवाल्वर से फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी को महाराष्ट्र पुलिस ने पकड़ लिया जिसकी सूचना जबलपुर पुलिस को दे दी जानकारी मिलते ही मदनमहल पुलिस महाराष्ट्र रवाना हो गई। जिसके बाद आरोपियों को हिरासत में लेकर वापिस जबलपुर के लिए रवाना हो गई है। आरोपी शिर्डी से पत्नी समेत एक होटल में रूका हुआ था। विदित हो कि अश्वनी पारिया 43 वर्ष निवासी गेट न. 4 ने का अभिनंदन वेज रेस्टोरेंट बस स्टैण्ड में है। अश्वनी पारिया मंगलवार दोपहर से काउंटर पर बैठे थे शाम करीब 4:22 बजे एक बदमाश रिवाल्वर लेकर घुसा और सीधे फायर कर दिया था पहला राउंड चला नहीं तो इसके बाद ताबड़तोड़ तीन राउंड गोलियां चला दी। होटल मालिक जान बचाने के लिए काउंटर के नीचे झुक गए थे और उन्हें गोली नहीं लग पाई थी। इसके बाद गोली चलाने वाला बाहर मोटर सायकिल में पहले से बैठे अपने साथी के साथ बैठकर फरार हो गया था।

---

# बालाघाट के आदिवासी बालक आश्रम शाला के बच्चों ने जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया

**राज्य स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने खंडवा जायेंगे**

**नवभारत, बालाघाट।** जनजातीय कार्य विभाग, बालाघाट के मार्गदर्शन में शासकीय आदिवासी बालक आश्रम, बालाघाट के बच्चों ने लगातार चौथी बार जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है और इस संस्था ने अपनी उत्कृष्टता और परंपरा को बरकरार रखा है। इसी प्रकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आवासीय बालिका छात्रावास बैहर की छात्राओं ने रोल प्ले प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस संस्थानों ने अपने सांस्कृतिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया है। अब इन दोनो संस्थान के बच्चे खंडवा में 14 से 15 अक्टूबर तक होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगें और बालाघाट जिले का नाम रोशन करेंगें।

बालाघाट में संचालित अंग्रजी माध्यम की यह आश्रम शाला एवं बैहर का बालिका छात्रावास



जनजातीय संस्कृति, शिक्षा और प्रतिभा के अनूठे संगम को प्रदर्शित करते हैं। इस सफलता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने आश्रम शाला के बच्चों, बालिका छात्रावास की छात्राओं एवं वहां के स्टाफ को बधाई है एवं खंडवा की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनायें दी है।

राष्ट्रीय जनसंख्या? शिक्षा परियोजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिला स्तरीय लोकनृत्य एवं रोल प्ले प्रतियोगिता 10 अक्टूबर को डाईट बालाघाट में आयोजित की गई थी। लोकनृत्य प्रतियोगिता में आदिवासी अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। आश्रम शाला के छात्र आयुष सैयाम, निहाल सिरसाम, साहिल भलावी, धीरेन्द्र मेरावी, चित्रसेन उईके एवं ऋषि धुर्वे की टीम ने किशोर किशोरी एक समान थीम पर शिक्षक श्री एमएस घरडे, श्रीमती वाय पटेल एवं श्रीमती प्रीति सिंह परिहार के मार्गदर्शन में अपनी प्रस्तुति दी है। इसी प्रकार रोल-प्ले प्रतियोगिता में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास बैहर की टीम विजेता रही है। शिक्षक श्रीमती नीना परिहार के मार्गदर्शन में छात्रा अर्चना धुर्वे, रागिनी आर्मो, काम्या ठाकरे, नीतू रेखाम एवं वर्षा धुर्वे की टीम ने स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने की थीम पर अपनी प्रस्तुति दी।

---

# कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव में 2100 से अधिक परियोजनाओं एवं शिलान्यास कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव में पीएम धन-धान्य कृषि योजना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 2100 से अधिक परियोजनाओं एवं शिलान्यास का वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र, श्रीमति मौसम बिसेन सदस्य अन्य पिछड़ा आयोग, श्री राणा कल्याण सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर, श्रीमति कृष्णा गुरबेले सरपंच ग्राम पंचायत बड़गांव, डॉ. देवेश ऐड़े मण्डल अध्यक्ष, श्रीमति मोना सिद्धु जिलामंत्री, श्री कन्हैया चौहान जिलामंत्री, श्री फुलसिंह मालवीय उपसंचालक कृषि, श्रीमति विनीता रंगारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं 300 से अधिक कृषक उपस्थित रहें।

वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में कृषि क्षेत्र के लिए 35 हजार 440 करोड़ रुपए की दो बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने पीएम 11,440 करोड़ रुपए की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ रुपए की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि, कृषि और खेती हमेशा हमारे विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। समय के साथ यह जरूरी है कि कृषि को सरकार का समर्थन मिलता रहे। उन?होंने कहा कि 21वीं सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था।

---

**विकास** | जस झांकी परिवार डोंगरगढ़ की जीवंत प्रस्तुति से भावविभोर हुए श्रोता

# आदर्श पंचायत के रूप में मेंडकी का किया गया है सर्वांगीण विकास : जायसवाल

**नवभारत, वारासिवनी।** ग्राम पंचायत मेंडकी में बाजार चैक में देर रात्रि में डोंगरगढ़ की भोले - काली मां की टीम वर्क वाली जीवंत झांकी को देखकर मुख्य अतिथि प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रदीप शरणागत,पूर्व सरपंच सचिन बिसेन आदि भी बेहद प्रभावित नजर आये। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की अपार संख्या भी कलाकारों का हौसला बढ़ाते हुये प्रतीत हुयी।

नवरात्रि,विजयादशमी और करवाचैथ पर ग्राम मेंडकी में श्री दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार पटपर डोंगरगढ़ की प्रस्तुति का आयोजन किया गया। जिसमें एक के बाद एक तीन भजनों पर सजीव झांकी में कलाकारों की मेहनत व अभिनय को देखकर सभी हैरत में नजर आये।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये गुड्डा जायसवाल ने कहा की हम आज विजयादशमी पर्व पर भगवान श्रीराम के विजय का उत्सव मना रहे है। सत्यमेव जयते को चरितार्थ करते हुये भगवान श्रीराम ने मातारानी की 9 शक्तियों से बलशाली रावण को पराजित कर सत्य व धर्म की स्थापना की है। ग्राम मेंडकी को संस्कारधानी मानकर हमने विकास की नयी इबारत लिखी है।



बाजार चैक पर आयोजित कार्यक्रम को प्रदीप शरणागत विशेष अतिथि,सचिन बिसेन पूर्व सरपंच, नरेंद्र बिसेन पूर्व अध्यक्ष व्रहताकर सोसायटी अध्यक्ष, सरपंच सावित्री कुंजाम आदि ने भी प्रभावी शैली में सम्बोधित कर त्योहारों की बढ़ती रौनक पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में गुड्डा जायसवाल के आत्मीय व भव्य स्वागत के समय विशेष रूप से सर्वश्री प्रदीप शरणागत,सचिन बिसेन,उपेंद्र बिसेन, सरपंच श्रीमती सावित्री कुंजाम,नरेंद्र बिसेन,रूपेंद्र बिसेन,योगराज पटले, सतीश बिसेन,किशोर बिसेन,आलोक बिसेन,डॉ पप्पू बिसेन आदि उपस्थित भी रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्रामीणों ने ग्राम की सीमा से कार्यक्रम स्थल तक गुड्डा जायसवाल को गाजे बाजे,आतिशबाजी के साथ रैली के रूप में लाकर अपने स्नेह का परिचय दिया है।